सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि 23 आषाढ़ 1936 (श0) / 14 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 39**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | .. | .. | 21 |
| (2) | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| (3) | गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) | उद्योग विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) | वित्त विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) | कारा विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग — | 39 |

भवन का निर्माण

*699. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण बेतिया में डी0आई0जी0 कार्यालय की स्थापना 02 नवम्बर, 1985 को हुई जो आज भी एक जीर्ण-शीर्ण मकान में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय का अपना भवन नहीं होने से पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को काम करने में काफी कठिनाई होती है, तथा ऑफिस का कागजात एवं व्यवस्था भी ठीक-ठाक से व्यवस्थित नहीं है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेतिया डी0आई0जी0 कार्यालय के लिये भवन निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

शौचालयों का पुनर्निर्माण

*700. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के मुंगेर जेल में कैदियों की संख्या 600 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जेल में 65 शौचालय पूर्व से है परन्तु उनमें से 35 शौचालय बिल्कुल बंद पड़े हैं तथा 30 शौचालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कैदियों के हित में जेल स्थित शौचालयों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*701. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा अन्तर्गत प्रखंड उचका गाँव के मीरगंज बाजार अन्तर्गत जयप्रकाश चौक मीरगंज, मरक्षीया देवी चौक, राजेन्द्र चौक में गाड़ियों के पार्किंग एवं निजी सवारी गाड़ियों के कारण प्रतिदिन जाम लगा रहता है, जिससे यात्रियों एवं विशेष कर छात्राओं एवं मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर से जाम हटाने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैंक खोलना

*702. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में बिहार सरकार ने निर्णय लिया था कि 5000 की आबादी पर सरकारी बैंक खोला जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत इन्दरवा पंचायत के दलकावा इन्दरवा, सहोरवा, नरकटिया एवं पड़ड़िया गाँव की आबादी 20,000 हजार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त आबादी के बीच कोई सरकारी बैंक नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायत में सरकारी बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण कराना

*703. डॉ0 रामानन्द यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड में गौरीचक थाना जो सामुदायिक भवन में चल रहा है, के कारण वहां के आमजनों को शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गौरीचक थाना को सामुदायिक भवन से हटा कर पूर्व स्थान पर स्थानान्तरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*704. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला पुलिस लाइन का भवन जर्जरावस्था में है, जिससे सरकार ने पुलिस लाइन के लिये नये जगह पर भूमि अधिग्रहण कर निर्माण करने संबंधी नीतिगत निर्णय दो वर्ष पूर्व लिया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुलिस लाइन को नये जगह पर भूमि अधिग्रहण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*705. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में वृन्दावन बाजार से कल्याणपुर तक लगभग 10 कि0मी0 की दूरी में कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल में फुलवरिया बाजार लगभग 25 हजार आबादी का केन्द्र है तथा यहां के व्यावसायी एवं आसपास के लोगों को बैंक संबंधी कार्य के लिये काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फुलवरिया बाजार के पास राष्ट्रीयकृत बैंक का शाखा खोलकर व्यावसायियों एवं किसानों को बैंक संबधी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*706. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखंड के अगिआँव बाजार में 10 हजार की स्थानीय आबादी है जहाँ कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय व्यावसायियों तथा किसानों को बैंक नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अगिआँव बाजार में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राईस मिल खोलना

*707. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड 38 पंचायतों का है, जिसमें हर पंचायत में धान की खेती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड में आधुनिक राईस मिल नहीं है, जिससे धान से चावल की उत्तम राईस नहीं निकल पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड में आधुनिक राईस मिल खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरित करना

*708. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के फुलवरिया थाना-बरौनी, सोकहारा स्वास्थ्य केन्द्र में विगत् 20 वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना-सोकहार स्वास्थ्य केन्द्र में रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फुलवरिया थाना को दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*709. डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 18 फरवरी, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक''चार हजार संस्थान नहीं दे रहे सेवा कर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के चार हजार व्यवसायिक संस्थान लोगों से सेवा कर वसूलते हैं, लेकिन सरकार के खजाने में पैसे जमा नहीं करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसे संस्थानों के द्वारा सेवा कर जमा नहीं करने से सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे संस्थानों से राजस्व की वसूली के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*710. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के रहेकपुर के मिखतुल ऊलम मदरसा संख्या 602 के छात्रावास भवन का निर्माण एम0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत वर्ष 2013 में कराया जाना था, लेकिन आजतक छात्रावास का भवन निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मदरसा के छात्रावास का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तानों की घेराबन्दी

*711. श्रीमती रजिया खातून--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित शीतलपुर पंचायत के ग्राम-हनुमानगंज एवं सिसमा सोव पंचायत के सिसमा सोव ग्राम में एक कब्रिस्तान अवस्थित है, जिसका अतिक्रमण किया जा रहा है;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार कंडिका (1) में उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति का विचार

*712. श्री प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''काउन्सेलर नहीं, हेल्पलाईन ठप'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के उद्देश्य से सूबे के 38 जिलों में हर महिला हेल्पलाईन में एक परियोजना प्रबंधक और तीन-तीन काउन्सेलर की बहाली की जानी थी, लेकिन बहाली की अंतिम तिथि खत्म होने के पाँच माह बाद भी नियुक्ति नहीं की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलों में संचालित हेल्पलाईन में काउन्सेलर की कमी के कारण महिलाओं को न्याय से वंचित रहना पड़ रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि हेल्पलाईन को सुदृढ़ करने के लिये वर्ष 2013 में कैबिनेट द्वारा मंजूरी भी दी गई थी, लेकिन यह योजना अबतक मूर्त रूप नहीं ले सकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिंसापीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिये काउन्सेलरों की नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन का अधिग्रहण

*713. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है लखीसराय जिला में औद्योगिक विकास हेतु 1994 में 8 एकड़ जमीन स्वीकृत की गई है, जिसमें लघु एवं कुटीर उद्योग चलाये जा रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में 150 लघु एवं कुटीर उद्योग की स्वीकृति वर्ष 2013 में दी गई है, किन्तु औद्योगिक क्षेत्र का 8 एकड़ जमीन होने के कारण इन उद्योगों की स्थापना में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उद्योगों के स्थापना हेतु जमीन अधिग्रहण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास हटाना

*714. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सजौर मुख्यालय अस्पताल भवन का एक हिस्सा बिहार सैन्य पुलिस का आवास बना दिया गया है, जिसके कारण मरीजों को खासकर महिला मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन से बिहार सैन्य पुलिस का आवास हटाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परिचालन योग्य बनाना

*715. श्री संजय सिंह (टाइगर)—क्या मंत्री, नागरिक विमानन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के मुख्यालय के समीप मझौआ स्थित हवाई अड्डा की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अतिक्रमण तथा मिट्टी कटाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हवाई अड्डा की चहारदीवारी का निर्माण कराकर हवाई पट्टी को विमानों के परिचालन के योग्य बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

---

ऋण से वंचित

*716. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, सांस्थिक (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं पोलिटेक्निक आदि उच्चतर शिक्षा के लिए राज्य में छात्रों को भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण बैंक, केनारा बैंक सहित अन्य बैंकों द्वारा ऋण देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा ऋण में चार लाख रुपया तक किसी प्रकार की गारंटी देने की आवश्यकता नहीं है, उसके बावजूद भी बैंक द्वारा छात्रों से गारंटी की माँग कर ऋण से वंचित कर दिया जाता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कारा का निर्माण

*717. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल का स्थापना वर्ष 1993 में हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल अनुमंडल मुख्यालय में कारा का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिरौल अनुमंडल में कारा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

जूट मिल खोलना

*718. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत 28 पंचायतों में जूट की खेती 10 हजार हेक्टेयर जमीन में होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आजमनगर प्रखंड में जूट मिल्स खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*719. श्री मंजीत कुमार सिंह—दिनांक 2 जून, 2014 को दैनिक समाचार पत्र में छपे शीर्षक "ताकते रहे बेरोजगार नहीं हुआ सब्सिडी का दीदार" को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान मंत्री रोजगार योजना के तहत नया उद्योग लगाने के लिए राज्य के बेरोजगारों से बिहार राज्य खादी और जिला उद्योग के माध्यम से वर्ष 2013-14 में कुल 17 हजार आवेदन प्राप्त किये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 के लिये नये उद्यमियों को 110.73 करोड़ रुपये की सब्सिडी देनी थी, जिसमें मात्र 63 करोड़ रुपये ही वितरित किये गये;

(3) क्या यह बात सही है कि नया उद्यम लगाने के लिये बेरोजगारों को लक्ष्य के अनुरूप राशि रा

नहीं होने से राज्य में छोटे उद्योगों का विकास नहीं हुआ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसके लिये दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*720. डॉ० अच्युतानंद—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 17 जून, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''मुंगेर का अवैध हथियार उद्योग कई राज्यों का सिर दर्द ''को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मुंगेर जिले सहित कई जिलों में अवैध हथियार बनाने का कारखाना स्थापित है और इनके द्वारा दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई राज्यों में हथियार भेजे जा रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा कारगर कार्रवाई नहीं करने के कारण राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा कारगर कार्रवाई नहीं करने के कारण राज्य में हथियारों का अवैध निर्माण हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में अवैध हथियारों के निर्माण को बन्द कराने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

फैक्ट्री का निर्माण

*721. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि प्रधान अररिया जिला में फारबीसगंज प्रखंड अन्तर्गत भजनपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मक्का आधारित स्टार्च फैक्ट्री का निर्माण बियाडा की भूमि पर वर्ष 2010 में प्रारम्भ किया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों द्वारा रास्त की माँग, विवाद और भारी बिरोध के चलते स्थगित कर दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 दिसम्बर, 2011 को विभाग को प्रधान सचिव, प्रबंध निदेशक, बियाडा और भजनपुरा ग्राम के ग्रामीणों के प्रतिनिधि के बीच हुई बैठक में सारे विवाद को सुलझा लिया गया और स्थानीय पावर ग्रिड के बगल से बियाडा द्वारा सड़क निर्माण भी करा दिया गया, फिर भी निर्माण कार्य वर्तमान समय तक बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त फैक्ट्री का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*722. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत पिपरासी प्रखंड के लछनैही, भगरखा पंचायत के नैहबा मुसहर टोला के पास कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान का अतिक्रमण हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, कबतक नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*723. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं० 1 के मजार चौक मोहीद्दीनपुर में बच्चों का कब्रिस्तान है, जो शहर के बीचोबीच है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान का अतिक्रमण हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*724. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर अन्तर्गत आनन्द बाजार में मकान नं० 33, महाल नं० 2, वार्ड नं० 6 एवं मकान नं० 48, महाल नं० 2, वार्ड नं० 6 सरकारी जमीन बारह फीट चौड़ा, 70 फीट लम्बा रास्ता को राज कुमार साहा पे० माधव साह, श्री मगरूम राम, पे० दसई राम अतिक्रमण कर मकान बना लिया है, जिससे आम रास्ता बन्द हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस चौकी की स्थापना

*725. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी कांटाकोस ग्राम पंचायत का गोगाबिल झील विदेशी पक्षियों और बहुतायत में मछली के लिये प्रसिद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ शिकारमाही के लिये अपराधी गिरोहों में 27 नवम्बर, 2013 और 13 मई, 2014 को मारपीट भी हुई थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरापार ग्राम में पुलिस चौकी की स्थापना का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*726. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के मुंगेर शहर में महिला थाना की स्थापना विगत दो वर्ष पूर्व किया गया है, लेकिन उक्त थाना को आजतक अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त थाना भवन निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलने का विचार

*727. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड स्थित गुड़ी पंचायत के जियनगंज ग्राम में सरकारी बैंक नहीं है, जिसकी आबादी 5,000 से भी अधिक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जियनगंज ग्राम में बैंक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*728. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड के कटैया पंचायत अंतर्गत महथौर कब्रिस्तान की घेराबंदी हेतु विगत तीन वर्ष पूर्व राशि उपलब्ध कराकर निर्माण की स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा दिया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक उक्त कब्रिस्तान के निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे लगातार अतिक्रमण के कारण संवेदनशील विवाद बढ़ता जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य पूरी कराने का विचार रखती है ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*729. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड के कोल्था पं० अंतर्गत गुवाबाड़ी कब्रिस्तान का अतिक्रमण कर भवन बनाया गया है, जबकि उक्त कब्रिस्तान का घेराबंदी नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान का अतिक्रमण हटाकर जमीन का घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*730. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत इटाढ़ी प्रखंड के मौजा पुरूषोत्तमपुर खाता 83, खेसरा 284 में कब्रिस्तान है, जिसकी घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*731. श्री प्रभात रंजन सिंह - क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड के देउरवा, सिकटौट, पिपरडाढ़ी, तमकुही, नड्डा एवं मेहंरी, कोहरगड्डी कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## रिक्त पदों को भरना

*732. डॉ० इजहार अहमद - क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा में स्थित उद्योग केन्द्र की स्थापना 20 वर्षों पूर्व की गई है, जिसमें स्वीकृत 26 पद में से मात्र 10 पद पर महाप्रबंधक सहित मात्र 10 कर्मी ही कार्यरत रहे हैं, जिससे औद्योगिक विकास बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार स्वीकृत 26 पद के विरुद्ध रिक्त 16 पद को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## योजना की स्वीकृति

*733. श्रीमती सुनीता सिंह - क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के बेलसंड में एम०एस०डी०पी० योजना के अन्तर्गत वर्ष 2013 में अल्पसंख्यक मुरली, ढागर, पमरा, गिसारा आदि गाँवों में सड़क एवं नाला निर्माण हेतु चालीस सड़कों का प्रस्ताव वर्ष 2013 से स्वीकृति हेतु लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना की स्वीकृति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*734. श्री प्रभात रंजन सिंह - क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिला के बगहा-2 प्रखंड अंतर्गत भोलापुर खरहट कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

## चीनी मिलों के विरुद्ध कार्रवाई

*735. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री गन्ना विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012-13 में 28 हजार हेक्टेयर में 560 लाख रुपया का जैविक एवं कार्बनिक उर्वरक गन्ना किसानों के बीच वितरण का लक्ष्य निर्धारित हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में गन्ना किसानों के बीच निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 13,668 हेक्टेयर में 283.36 लाख रुपये का जैविक एवं कार्बनिक उर्वरक का वितरण किया गया, जो निर्धारित लक्ष्य से कम है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी चीनी मिलों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सुरक्षा का इंतजाम

*736 श्री प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "पर्यटन स्थलों की सुरक्षा का नहीं है ख्याल" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विश्व मानचित्र पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध राजगीर में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटकों का आवागमन होता रहता है, यहाँ के अधिकांशतः पर्यटन स्थल घने जंगलों में अवस्थित हैं, जहाँ सुरक्षा व सुविधा के नाम पर शून्य से अधिक व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बोधगया बलास्ट के बाद यहाँ के पर्यटन स्थलों पर प्रशासन ने सी०सी० टीवी कैमरा, मेटल डिटेक्टर गेट व मेटल डिटेक्टर के साथ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था थी, सुरक्षा व्यवस्था दो-चार दिनों के लिये नजर भी आये, परन्तु समय के साथ सारी व्यवस्था भी खत्म हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन स्थलों के सुरक्षा के समुचित इंतजाम का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## कब्रिस्तानों की घेरावन्दी

*737, श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत 30 बेलसंड प्रखण्ड के चन्दौली, पुराना मौला नगर, पचनौर, दरियापुर, हसौर स्थित कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तानों का अतिक्रमण हो रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 14 जुलाई, 2014 (ई०) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल० ए०), 59 डी०टी०पी०-450--